**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा**

Tel. no.-06341-223812, 8986915300
E-mail- rwdsheikhpura20@gmail.com

पत्रांक 1283 /                                                  शेखपुरा, दिनांक 21/08/2024 /

प्रेषक,

ई0 विमल कुमार,
कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा।

सेवा में,

श्री सन्नी कुमार (संवेदक),
ग्राम+पोस्ट– बड़हिया, जिला–लखीसराय।
पिन–811302, मो0 नं0–7004852008.

विषयः– शीर्ष–MMGSY योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित पथ में अनुरक्षण कार्य कराने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक कहना है कि शीर्ष–MMGSY योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित योजना **अकौना मोड़ से अकौना पथ** का स्थल निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा BRRMS App के माध्यम से आज दिनांक 21.08.2024 को किया गया, स्थल निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि उल्लेखित पथ के दोनो Shoulder पर बड़े–बड़े घास/झाड़ी उगे हुए हैं, एवं कुछ स्थानों पर पथ का किनारा टूट गया है, तथा ह्यूम पाईप पुलिया का पारापेट दीवाल रंग–रोगण कराने की आवश्यकता है, पथ के पूरी लम्बाई में एक भी 200m Stone, KM Post नहीं पाया गया। पथ में मरम्मति कार्य कराने हेतु प्रमण्डल कार्यालय द्वारा आपके मोबाईल पर दिनांक 13.08.2024 को कॉल कर सूचित किया गया था, परन्तु आपके द्वारा अनुरक्षण कार्य नहीं कराया गया है। आपके द्वारा किये गए एकरारनामा के अनुसार उल्लेखित त्रुटियों को ससमय सुधार कराना आपकी पूर्ण जबावदेही है।

अतः कार्यहित में पुनः निदेशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अन्दर पथ में उल्लेखित सभी आवश्यक कार्य संबंधित कनीय अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के देख–रेख में पूर्ण कराकर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करें, अन्यथा वाध्य होकर एकरारनामा में अंकित सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन

21.8.24

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,
शेखपुरा